कोटेश्वर धाम में औषधीय प्रसंस्करण केंद्र

चर्चा में क्यों?

- 11 सितिंबर, 2021 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने **धमतरी ज़िले के कोटेश्वर धाम में औषधीय प्रसंस्करण और प्रशिक्षण केंद्र** खोलने की घोषणा की।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने ज़िले के **कोटेश्वर धाम में वैद्यराज (पारंपरिक चिकित्सक) सम्मेलन** को संबोधित करते हुए यह घोषणा की।
- इसके साथ ही उन्होंने कोटेश्वर धाम में वैद्यों के लिये विश्राम गृह तथा 4 हेक्टेयर क्षेत्र में धान खरीद केंद्र, स्टॉप डैम और सामुदायिक वन अधिकार पट्टे के निर्माण की भी घोषणा की।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने वैद्यों के पारंपरिक ज्ञान का दस्तावेज़ीकरण करने का काम शुरू कर दिया है। वैद्यराज अपने क्षेत्र में औषधीय पौधे उगा सकते हैं, जिसके लिये सरकार उन्हें सहायता प्रदान करेगी।
- उन्होंने कहा कि सितधारा में स्टॉप डैम बनाया जाएगा और कोटेश्वर को **सौर ऊर्जा से बिजली की आपूर्ति और पीने का पानी उपलब्ध** कराया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/medicinal-processing-centre-at-koteshwar-dham